मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4

BHDE-141

स्नातक उपाधि कार्यक्रम (बी. ए. जी.)

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2023

बी.एच.डी.ई.-141 : अस्मितामूलक विमर्श और हिंदी साहित्य

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *प्रथम* *प्रश्न अनिवार्य है। शेष में से किन्हीं* **चार** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

1. निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं **तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 3×12=36

(क) स्वभाव आखिर अनल तो अपना बता ही देगा।

धधकती आग में धुंधकारी–सरीखे कब तक खड़े रहेंगे ?

नहीं उचित है, निर्बल को अब तो सताना, दु:सह दु:खों का देना।

विसूवियस गिरि समान ज्वालामुखी तड़पकर अड़े रहेंगे।

(ख) अपनी जगह से गिर कर
कहीं के नहीं रहते
केश, औरतें और नाखून
अन्वय करते थे किसी श्लोक को ऐसे
हमारे संस्कृत टीचर।
और मारे डर के जम जाती थीं
हम लड़कियाँ अपनी जगह पर।

(ग) सात भाइयों के बीच
चंपा सयानी हुई।
बाँस की टहनी-सी लचक वाली,
बाप की छातो पर साँप-सी लोटती
सपनों में
काली छाया-सी डोलती
सात भाइयों के बीच
चंपा सयानी हुई।

(घ) हाँ, टूटी हूँ........... पर कहीं तो चोट के निशान नहीं.........दुनिया के पैरों तले रौंदी गई, पर मैं मिट्टी के लौंदे में परिवर्तित नहीं हो पाई। इस उम्र में भी एक पूरी की पूरी साबुत औरत हूँ, जो जिन्दगी को झल नहीं रही, बल्कि हँसते हुए जी रही है...।

(ङ) जीवन में विकास के लिए दूसरों से सहायता लेना बुरा नहीं; परन्तु किसी को सहायता दे सकने की क्षमता न रखना अभिशाप है। सहयात्री वे कहे जाते हैं, जो साथ चलते हैं; कोई अपने बोझ को सहयात्री कहकर अपना उपहास नहीं करा सकता।

(च) दलित अपने संघर्ष की जिम्मेदारी लेने से क्यों बचता है ? जो लड़ाई उस पर थोपी गई है, उबाल खाकर वह उससे लड़ता क्यों नहीं है ? वह बौद्ध धर्म के, सिख धर्म के, इस्लाम के और ईसाइयत के घरों में लुकता-छिपता क्यों फिर रहा है ?

2. दलित मुक्ति संघर्ष से संबंधित डॉ. आंबेडकर के विचारों पर प्रकाश डालिए। 16

3. स्त्री-मुक्ति आंदोलन के आप क्या समझते हैं ? विवेचन कीजिए। 16

4. आदिवासी साहित्य पर अपने विचार व्यक्त कीजिए। 16

5. 'दलित कहाँ तक पड़े रहेंगे' कविता के विचार पक्ष को स्पष्ट कीजिए। 16

6. 'सीमा रेखा' कविता की अंतर्वस्तु और मूल संवदेना पर प्रकाश डालिए। 16

7. 'अन्या से अनन्या तक' के आधार पर प्रभा खेतान की वैचारिकी और जीवनदृष्टि का विवेचन कीजिए। 16

8. 'मुर्दहिया' के आधार पर दलितों के सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश का वर्णन कीजिए। 16

9. 'धूणी तपे तीर' की किन्हीं **दो** प्रमुख समस्याओं का विस्तृत विवेचन कीजिए। 16